आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 07.10.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कल सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में सरदार@150 एकता मार्च का शुभारंभ किया।
- कार निकोबार में जिला स्तरीय परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण–2024 कार्यशाला आयोजित की गई।
- चिड़ियाटापू स्थित मुंडा पहाड़ समुद्र तट और ट्रैकिंग क्षेत्र में हुई घटना के मद्देनजर, मुंडा पहाड़ ट्रैकिंग मार्ग अगले आदेश तक बंद रहेगा।
- शिक्षा निदेशालय की ओर से 'स्कूलों के लिए फुटबॉल' कार्यक्रम शुरू किया जाएगा।

<><><><><><><>

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कल नई दिल्ली में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में सरदार@150 एकता मार्च का शुभारंभ किया। श्री मांडविया ने कहा कि यह एकता मार्च केवल एक स्मरणोत्सव नहीं है, बल्कि युवाओं को राष्ट्र निर्माण में शामिल करने और विकसित तथा आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने का एक राष्ट्रीय आंदोलन भी है।

<><><><><><><>

एकता मार्च अभियान के तहत, युवाओं में सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्र के प्रति योगदान के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए डिजिटल कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इसके अंतर्गत 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। सरदार युवा नेता कार्यक्रम – एक राष्ट्रीय प्रश्नोत्तरी और चयन प्रक्रिया में 150 युवा नेताओं की पहचान की जाएगी जो राष्ट्रीय स्तर की पदयात्रा के दौरान युवा मामले एवं खेल मंत्री के साथ चलेंगे। इसके अलावा राष्ट्रीय निबंध प्रतियोगिता और एकता और सरदार पटेल के दृष्टिकोण पर राष्ट्रीय सोशल मीडिया रील प्रतियोगिता भी होगी। उम्मीदवार www.mybharat.gov.in पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। 'प्रत्येक प्रतियोगिता के लिए विस्तृत दिशानिर्देश प्रतियोगिता पृष्ठ पर उपलब्ध हैं। खेल एवं युवा मामले विभाग ने द्वीप समूह के सभी पात्र युवाओं से इस एकता मार्च डिजिटल अभियान में भाग लेने का आग्रह किया है। अधिक जानकारी माई भारत पोर्टल पर उपलब्ध है। इसके अलावा प्रतिभागी खेल एवं युवा मामले विभाग से भी संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। जीएसटी सुधार गुजरात की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देंगे।

<><><><><><><>

जिला स्तरीय परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण–2024 परिणाम प्रसार और समग्र प्रगति कार्ड कार्यान्वयन कार्यशाला कल कार निकोबार स्थित शिक्षा कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित की गई। इस अवसर पर राज्य शिक्षा संस्थान के प्राचार्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने तत्काल हस्तक्षेप की आवश्यकता वाले क्षेत्रों में मूल कारणों की पहचान करने के महत्व पर बल देते हुए शिक्षकों से सार्थक बदलाव के लिए एफएलएन कौशल में सुधार के लिए, डेटा–संचालित दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया। सत्र में निकोबार जिले के शैक्षिक परिदृश्य पर विशेष ध्यान दिया गया। कार्यशाला में बालवाटिका से लेकर कक्षा बारहवीं तक के सभी शैक्षिक स्तरों पर समग्र प्रगति कार्ड प्रणाली के कार्यान्वयन ढांचे पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला में 40 मास्टर प्रशिक्षकों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

दक्षिणी क्षेत्र जिला वन अधिकारी ने कहा है कि मुंडा पहाड़ समुद्र तट और ट्रैकिंग क्षेत्र में हाल ही में हुई घटना के मद्देनजर, मुंडा पहाड़ ट्रैकिंग मार्ग अगले आदेश तक बंद रहेगा। इसके अलावा, मुंडा पहाड़ समुद्र तट क्षेत्र में किसी भी प्रकार के खाद्य पदार्थ ले जाने की अनुमति नहीं होगी। वन अधिकारी ने आम जनता से इन दिशा–निर्देशों का पालन करने को कहा है।

<><><><><><><>

शिक्षा निदेशालय 'स्कूलों के लिए फुटबॉल'–F4S कार्यक्रम शुरू करने जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य फुटबॉल को शिक्षा, समग्र विकास और छात्रों में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के एक साधन के रूप में बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम के तहत 17 वर्ष से कम आयु वर्ग के सभी लड़के और लड़कियों को फुटबॉल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। शिक्षा निदेशक विक्रम सिंह 10 अक्टूबर को शाम 4 बजे 35 केंद्रों पर एक साथ "स्कूलों के लिए फुटबॉल" कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे।

<><><><><><><>

शिक्षा निदेशालय ने द्वीपसमूह के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में कक्षा छठीं से बारहवीं तक के छात्रों के लिए मासिक निबंध लेखन प्रतियोगिता और कक्षा पहली से पांचवीं तक के छात्रों के लिए मासिक

चित्रकला प्रतियोगिता शुरू की है। इस पहल का उद्देश्य बच्चों के लेखन कौशल, रचनात्मक सोच और कलात्मक क्षमताओं को बढ़ाना है, जिससे उन्हें स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य जागरूकता, रक्तदान, वृक्षारोपण, युवा भागीदारी और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने जैसे गतिविधियों में शामिल किया जा सके। स्कूलों से चुनी गई सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियों को विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए, समन्वयक, गीता नवीन भट्ट और पी जी टी जी. सुरेश कुमार से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

खेल एवं युवा मामले निदेशालय, की ओर से स्कूली विद्यार्थियों, युवाओं और आम जनता के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसमें एथलेटिक्स, तीरंदाजी, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, साइकिलिंग, फुटबॉल, हॉकी, टेबल टेनिस, तैराकी और वॉलीबॉल आदि शामिल है। खेल प्रतियोगिता 11 अक्तूबर से दिसम्बर माह तक चलेगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड ने कैम्पबेल बे में प्रवासी निर्माण श्रमिकों सहित अन्य निर्माण श्रमिकों के लिए दस दिवसीय जागरूकता–सह–पंजीकरण शिविर का आयोजन किया। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य निर्माण श्रमिकों के पंजीकरण को सुगम बनाना और पंजीकृत श्रमिकों के कल्याण एवं लाभ के लिए बोर्ड द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में जानकारी देना था। इसमें बोर्ड के अधिकारियों ने प्रतिभागियों को पात्रता, लाभों और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की प्रक्रियाओं के बारे में बताया। इस पहल के परिणामस्वरूप, कल्याण बोर्ड के अंतर्गत लाभार्थी के रूप में नामांकन के इच्छुक निर्माण श्रमिकों से 63 नए पंजीकरण आवेदन पत्र प्राप्त हुए। क्षेत्र में कुल नौ शिविर आयोजित किए गए, जिनमें लगभग 258 निर्माण श्रमिकों ने भाग लिया।

<><><><><><><>